# आईपीएल सट्टा खिलाते दो गिरफ्तार

## कुंडीपुरा पुलिस ने चार मोबाइल व 40 हजार रुपए किए जब्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा अजय पाण्डेय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्गदर्शन में अवैध गतिविधियों पर सख्त एवं त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा निरीक्षक मनोज बघेल के नेतृत्व में कुण्डीपुरा पुलिस टीम द्वारा 09 अप्रैल 25 को मुखबिर सूचना पर आई.पी.एल. सट्टा पर कार्यवाही करने हेतु दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर आन लाइन आई डी सहित चार मोबाइल फोन एवं 40,000/- रूपये नगदी एवं लाखों रूपये का हिसाब किताब जप्त कर आई.पी.एल. क्रिकेट सट्टा पर आरोपियों पर प्रभावी कार्यवाही की गई।

घटना के संबंध में बताया गया कि गत 09 अप्रैल 2025 को थाना कुंडीपुरा पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि जनपद ऑफिस के पास नरसिंहपुर रोड पर एक व्यक्ति अपने मोबाइल फोन के माध्यम से क्रिकेट सट्टा की मास्टर आई डी से अवैध रूप से आई.पी.एल. का सट्टा खिलाकर आर्थिक लाभ अर्जित कर रहा है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी के निर्देशन में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई।

मौके पर बताए गए हुलिए का व्यक्ति सफेद शर्ट व काली पेंट पहने मिला, जिसने पूछताछ में अपना नाम विकास उर्फ विक्की पांडे पिता वसंत पांडे, उम्र 50 वर्ष, निवासी नई आवादी, छिंदवाड़ा बताया।



तलाशी लेने पर उसके पास से वीवो वाय-21 जी मोबाइल मिला, जिसमें व्हाट्सएप पर (radhe-exch.xyz) नामक वेबसाइट से जुड़ी यूजर आई.डी. वीपी 017 और पासवर्ड टाटा 1234 मिला, जिसके माध्यम से सट्टा संचालन किया जा रहा था पूछताछ में विकास पांडे ने बताया कि यह आई डी उसे प्रतीक उर्फ मुन्नू चांडक निवासी शुभालय कॉलोनी द्वारा दी गई थी, जो उक्त आई पी एल से सट्टा संचालन करने पर उसे 5 प्रतिशत कमीशन देता था। पुलिस द्वारा प्रतीक उर्फ मुन्नू चांडक को भी घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने पूछताछ में बताया कि उसे यह आई डी निवासी सिवनी से मिली थी, जिसके बदले वह 10प्रतिशत कमीशन देता था।

आरोपी प्रतीक ने यह भी स्वीकार किया कि वह मोबाइल सिम फर्जी नाम से लेकर उपयोग करता था तथा सबूत मिटाने के लिए मोबाइल तोड़ने की बात भी कही। आरोपियो के पास से नगदी 40,000/- रूपये एवं 04 मोबाईल फोन जिस पर लाखो का हिसाब किताब मिला जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 4 क सट्टा एक्ट व धारा 49 बी एन एस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रभावी कार्यवाही की गई है।

निरीक्षक मनोज बघेल, उप निरीक्षक करिश्मा चौधरी, सहायक उप निरीक्षक मनोज, प्रधान आरक्षक प्रदीप बघेल, आरक्षक करण रघुवंशी एवं सायबर सेल आदित्य रघुवंशी, नितिन सिंह ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही पर पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पाण्डेय द्वारा टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# बोदरी नदी में जल स्वच्छता अभियान चलाकर किया श्रमदान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सम्पूर्ण प्रदेश में जल संरक्षण एवम संवर्धन की दिशा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा द्वारा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में शहर की प्रमुख नदी बोदरी नदी में जल स्वच्छता अभियान चलाया गया। नदी के पानी से कूड़ा करकट को अलग करने का कार्य गुरुवार को किया गया।



इसके साथ ही बोदरी नदी के तट के लगे ग्राम मटकुली में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोगो बीच पहुच कर जल बचाने प्रेरित भी किया गया। इसमें परामर्शदाता विनोद तिवारी, तृप्ति सिंह, लता नागले, जयप्रकाश सूर्यवंशी, आशीष साहू के नेतृत्व में बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के स्टूडेंट निहाल कृष्ण मिश्रा, रघुबीर तोमर, रितु बोपचे, शिवांगी वानखेड़े, कामिनी कहार, जयश्री घोड़े, शीतल रश्मि, सुनीता बोबड़े, स्वाति, सविता इवनाती, अंकिता उईके, सपना परतेती सहित अन्य स्टूडेंट जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था बहुउद्देशीय शैक्षणिक विकास समिति छिंदवाड़ा के पदाधिकारी एवं सदस्यगण ने जल स्वच्छता अभियान चलाकर जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने में महत्ती भूमिका का निर्वहन किया।

इस अवसर पर बीएसडब्ल्यू की छात्रा कामिनी कहार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवम प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर जल संरक्षण पर आधारित प्रेरणा दाई गीत से जल संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने जल संरक्षण की शपथ ली एवम नदी के तट पर लगे ग्राम में लोगो को जीवन दायिनी बोदरी नदी के संरक्षण हेतु उसे स्वच्छ रखने प्रेरित किया। साथ ही नदियों के तट पर जैव विविधता संरक्षण के लिए लोगो को किया जागरूक।

## सार समाचार

### शोभायात्रा के साथ ज्योति कलश और जवारे का विसर्जन हुआ दुनावा वाली शारदा माई में



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाडा और बैतुल की सीमा में स्तिथ श्री माँ शारदा देवी दरबार दुनावा में चैत्र नवरात्र के अवसर पर स्थापित मनोकामना ज्योति कलश और जवारो का बुधवार को स्थानीय मोतीनगर तालाब पर विसर्जन सम्पन्न हुआ। जवारे विसर्जन की शोभा यात्रा माँ शारदा के दरबार से पूजा अर्चना के साथ पारंपरिक तरिके से निकलकर नगर के प्रमुख देवस्थान होते हुए अंत में मोतीनगर स्थित तालाब पर पहुंची जहाँ ज्योति कलशो और जवारो का विधिवत् पूजन कर विसर्जन किया गया।

इस अवसर पर माँ शारदा दरबार के प्रधान पुजारी श्री विशाल पंडा ने बताया कि प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रो में माँ शारदा के दरबार में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ती है तथा यहाँ के विसर्जन को पूरे नगर का सबसे बड़ा जवारे विसर्जन माना जाता है। इस बार जवारे विसर्जन की यात्रा में सिद्ध पीठ शक्तिकाली नाग दरबार जामुनझिरी के पीठाधीश्वर सचिन भगत जी विशेष रुप से उपस्थित रहे।

### महात्मा फुले जयंती पर वाहन रैली निकालेगा माली समाज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला माली समाज विकास परिषद के प्रचार मंत्री गणेश कारटे ने बताया गया कि आज 11 अप्रैल 2025 शुक्रवार प्रात: 10 बजे से स्थान गढ़कालिका मंदिर कालीपाठा, शॉति कॉलोनी, माता मंदिर वार्ड नंबर 25 से वाहन रैली निकलकर बरारीपुरा, सुभाष कॉलोनी, पवार चौक, ई.एल.सी. चौक, बस स्टेण्ड, सत्कार तिराहा, शुक्ला ग्राउण्ड, गुरैया रोड, संचार कालोनी, माली समाज महात्मा फुले भवन नोनिया वार्ड नंबर 40 में समापन होगा। तत्पश्चात अध्यक्ष की सहमति से कोषाध्यक्ष द्वारा वार्षिक आमसभा में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जायेगा एवं नवीन कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा। श्री कारटे ने समस्त स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### हनुमान जयंती पर निकालेंगे रैली

**गाडरवारा, देशबन्धु।** नगर में भारतीय युवादल द्वारा सनातन धर्मावलंबियों को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए विगत 16 सालों से हनुमान प्रकटोत्सव पर विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली जा रही है। जिसमें धार्मिक झांकियों के साथ नारी सषक्तिकरण, जागरूकता के संदेश भी समाहित रहते हैं। 144 साल बाद प्रयोगराज में लगे महाकुंभ की तर्ज पर इस बार हनुमान जन्मोत्सव की पूरी शोभायात्रा की थीम रखी गई है। हनुमत प्रकटोत्सव पर 12 अप्रैल शनिवार को इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रात: नौ बजे खप्पर वाले हनुमान मंदिर से होकर वाहन रैली निकाली जाएगी। वहीं शाम के ठीक चार बजे से शोभायात्रा आरंभ होगी। जिसमें आठ डीजे, 108 ढोल धमाल, 11 घोड़ा बग्घी, अघोरी तांत्रिक चंचलनाथ, संत नरसिह विजेंद्र सरस्वती सहित प्रतिरूप जीवंत झांकियों में आईआईटी बाबा, मोनालिसा, हर्षा, कांटे वाले बाबा, मां गंगा की अद्भुत प्रस्तुति, रूद्रनाद डमरु वादन, संस्कृति गर्जना, मातृशक्ति अखाड़ा, प्रयागराज के लेटे हुए बड़े हनुमान की विशाल प्रतिमा, अयोध्या के रामलला, काशी विश्वनाथ का शिवलिंग, विन्ध्वासिनी माता, नि:शुल्क रूद्राक्ष वितरण, त्रिवेणी संगम का जल, कुबेर पोटली का वितरण किया जाएगा। समाज को संदेश देने वाली एक विषेष झांकी जनाकर्षण का केंद्र रहेगी।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पोषक आहार एवं ध्यान करने लिया संकल्प

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** डेनियलसन डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सातवें पोषण पखवाड़े का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. स्मृति हाबिल के निर्देशन एवं जिला संगठक प्रोण् रविन्द्र नाड़े के नेतृत्व में एनएसएस स्वयंसेवकों ने युवाओं को स्वस्थ रहने शुद्ध सात्विक आहार करना एवं प्रात: योग ध्यान प्राणायाम का नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण एकर्मचारी, चंचलेश वर्मा, जेबा अंसारी, अकलेश प्रजापति, अतुल मसराम, अकलेश विश्वकर्मा, अभिषेक प्रजापतिए एवं रासेयो स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



# आधुनिक पद्धति से की खरबूज की खेती

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा जिले के विकासखंड परासिया के ग्राम उमरेठ के कृषक पूनाराम पवार जो वर्षों से पारंपरिक तरीके से खेती कर रहे थे। आज आधुनिक तकनीकों से लाभ कमाकर दूसरों के लिए मिसाल बन चुके हैं। पहले उनकी खेती वर्षा पर निर्भर रहती थी और साग-भाजी फसलों से केवल 10-12 हजार रुपये प्रति एकड़ की आमदनी हो पाती थी। संसाधनों की कमी के कारण वे खेती में विशेष उन्नति नहीं कर पा रहे थे, लेकिन उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेकर अब वे आधुनिक पद्धति से खरबूजे की खेती कर लाखों रुपए की आय प्राप्त कर रहे हैं।

वर्ष 2015-16 में पूनाराम ने उद्यानिकी विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई प्रणाली तथा वर्ष 2020 में मिनी स्प्रिंकलर योजना का लाभ लिया। इस तकनीकी सहयोग से उनकी खेती में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

उन्होंने एक हेक्टेयर भूमि पर खरबूजा की फसल लगाईए जो उत्तम गुणवत्ता की तैयार हुई। पूनाराम ने लगभग 25 टन खरबूजा का उत्पादन किया, जिसे उन्होंने खेत से ही व्यापारियों को 12 प्रति किलो के भाव से बेचा। कुल मिलाकर उन्हें 3,00,000 रूपये की आय हुई, जिसमें से 1,50,000 रूपये की शुद्ध आमदनी रही।



आज कृषक पूनाराम कृषि कार्य में उपयोगी यंत्रों का प्रयोग करते हुए आधुनिक पद्धति से खेती कर रहे हैं। उन्होंने कृषि यंत्र, मोटरसाइकिल खरीदी और अब उनके परिवार की शिक्षा, विवाह एवं अन्य आवश्यकताएं भी सुचारु रूप से पूरी हो रही हैं। बैंक ऋण मुक्त होकर उन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम बढ़ाया है।

कृषक पूनाराम की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत और दूरदर्शिता का परिणाम है, बल्कि यह दर्शाती है कि सरकारी योजनाओं का सही उपयोग किस प्रकार किसानों की किस्मत बदल सकता है। यह कहानी जिले के अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# ग्राम मऊ में ग्रामीणों को जल संरक्षण की दिलाई गई शपथ




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद छिन्दवाड़ा के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक मोहखेड़ भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सामुहिक श्रमदान से साफ सफाई की गई। साथ ही जन सामान्य को इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया।

ब्लॉक मोहखेड़ के ग्राम मऊ के हॉस्पिटल कॉलोनी में सार्वजनिक हैंडपम्प के पास परामर्शदाता आरती माटे, सीएमसीएलडी की छात्रा विधि मालवी एवं ग्रामीण सुनीता पवार, पिंकी यादव, शकुन चरपे एवं पंजाब दौड़के द्वारा श्रम दान किया गया। परामर्शदाता आरती माटे द्वारा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

# केसरी नंदन हनुमान मंदिर में भव्य होगा जन्मोत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री केसरी नंदन हनुमान मंदिर दुर्लभ एवं दर्शनीय अयोध्या के बाद द्वितीय पूर्वमुखी प्राचीन हनुमान मंदिर के नाम से चर्चित है जो की तिलक मार्केट रेलवे स्टेशन रोड में स्थित है। मंदिर की मान्यता कुछ ऐसी है कि मंदिर में जो भक्त मंगलवार को अर्जी लिखकर केसरी नंदन हनुमान को समर्पित करते हैं। उन भक्तों की मन्नत इस मंदिर में पूरी होती है और मन्नत पूरी होने के पश्चात नारियल की तोरण बनाकर बांधी जाती है।

शनिवार को मनोकामना भंडारे और महाआरती का आयोजन कराया जाता है। हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी श्री केसरी नंदन हनुमानजी अपने भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिये हनुमान जन्मोत्सव तक जनसुनवाई करेंगे। कार्यक्रमों के अंतर्गत 11 अप्रैल से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा 12 अप्रैल को श्री केसरी नंदन हनुमानजी का ब्रह्ममुहूर्त में महाअभिषेक किया जायेगा एवं राम दरबार मंडल रजोला द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी जाएगी।



तत्पश्चात अखंड रामायण समापन हवन पूजन एवं कन्या भोजन के साथ श्री केसरी नंदन हनुमानजी एवं अन्य देवी देवताओं को महाप्रसाद का भोग लगाकर जन सहयोग से 45 क्विंटल से भी अधिक का महाविशाल भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण सुबह 11.30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा।

मंदिर ट्रस्ट ने भक्तों से तन मन धन एवं खाद्य सामग्री देकर सहयोग करने एवं समस्त श्रद्धालु भक्तगणों को कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है हनुमान जन्मोत्सव के दिन भी भक्त अपनी समस्या निराकरण हेतु आवेदन प्रार्थना पत्र केसरी नंदन जी को सौंप सकेंगे

# माली समाज विकास परिषद के संयोजक बने राजेश दोड़के

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सांखला ने छिंदवाडा जिला संयोजक राजेश दोड़के को नियुक्त किया है।



परिषद एक समाजिक काउंसिल है जिसमे समाज मे व्याप्त अंधविश्वास, अशिक्षा समाप्त कर संगठित समाज की संरचना के उद्देश्य से छिंदवाडा मे जिला संयोजक के पद पर रहकर सभी शाखाओ मे तालमेल कर संगठित करने का कार्य आपके नेतृत्व मे किया जायेगा।

आप समाज को संगठित कर समाज की संरचना को बल प्रदान करेगे। रालकश दोड़के की नियुक्ति पर इष्ट, नामदेव सरोदे, अशोक अंबाडकर, मरोती चरपे, परसराम बाडबुदे, बाबूराव धादोड़े, वासुदेव दोडके, अरूण घोरसे, जित्तु सेमेकार, सहादेव बन्नाइत, अलकूश चरपे ने बधाई प्रेषित की है।

# फिजियोथेरेपी क्लीनिक की नई शाखा का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के प्रसिद्ध फिजियोथेरेपी क्लिनिक की नवीन शाखा का शुभारंभ शनिचरा में हुआ। यह क्लिनिक जिले में फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास सेवाओं के क्षेत्र में अपनी विश्वसनीयता, आधुनिकता और मरीजों की संतुष्टि के लिए जाना जाता है।



क्लिनिक के संचालक डॉ. लक्ष्मीकांत गुंजीकर एवं डॉ. दुष्यंत बक्षी ने बताया कि इस नई शाखा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में आधुनिक व सुलभ फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस शुभ अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों की उपस्थिति रही, जिन्होंने क्लिनिक के प्रयासों की सराहना की और लोगों से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

इस शाखा में स्पाइन थेरेपी, कमर दर्द, गर्दन दर्द, स्लिप डिस्क आदि की आधुनिक तकनीकों द्वारा चिकित्सा। जॉइंट पेन मैनेजमेंट, घुटनों, कंधों व अन्य जोड़ों के दर्द का उपचार बिना सर्जरी के किया जा सकेगा। इसके अलावा न्यूरो रिहैबिलिटेशन, लकवा (स्ट्रोक), ब्रेन इंजरी, पैरालिसिस आदि के मरीजों के लिए विशेष पुनर्वास कार्यक्रम।

स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपी खिलाड़ियों के चोट प्रबंधन, परफॉर्मेंस सुधार और रीकवरी पर केंद्रित सेवाएं उपलब्ध रहेगी। पोस्ट ऑपरेटिव रिहैबिलिटेशन सर्जरी के बाद तेजी से रिकवरी के लिए विशेष थेरेपी की सुविधा भी है।

# किसानों को लेकर सबसे असंवेदनशील साबित हो रही है प्रदेश की सरकार : गुंजन शुक्ला



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** किसानों को लेकर अब तक की सबसे असंवेदनशील है मध्य प्रदेश की मोहन यादव सरकार, उक्त आरोप लगाते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता गुंजन शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार को ना तो किसानों का मंडियों में भीगता हुआ अनाज दिखाई देता है और ना ही खेतों में पड़ी फसल। इतना ही नहीं विधानसभा चुनाव 2023 के भाजपा के घोषणा पत्र में किसानों से किए गए वादों को तो भाजपा सरकार ने पूरी तरह से भुला दिया है। ना गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपए क्विंटल हुआ और ना ही किसानों को पेंशन देने का वायदा निभाया गया है उल्टा किसानों की जमीन छीनने की नीयत से यू.पी.ए. सरकार द्वारा बनाए गए भूमि अधिग्रहण कानून को पलटकर अन्यायपूर्ण किसान विरोधी लैंड पूलिंग एक्ट बनाया जा रहा है।

उसके अनुसार अब किसानों को भूमि अधिग्रहण होने पर किसी भी प्रकार का कोई मुआवजा नहीं दिया जाएगा। वर्तमान में प्रयोग के तौर पर टी.एंड.सी.पी. एक्ट में संशोधन कर अभी यह केवल सिंहस्थ के नाम पर उज्जैन में लागू किया जा रहा है जिसका उद्देश्य किसानों की भूमि हड़प कर बड़े लोगों को लाभ पहुंचाना है। श्री शुक्ला ने आगे कहा कि मध्य प्रदेश में किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है सरकार उसे राहत देने की बजाय उससे ब्याज वसूलने में लगी हुई है।

पूर्व के वर्षों में सहकारी समितियां से रबी एवं खरीफ फसलों के लिए ऋण लेने वाले किसानों को ऋण भुगतान करने की तिथि पहले मार्च के अंतिम सप्ताह में हुआ करती थीं जिसे किसानों की सुविधा को देखते हुए 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया जाता था, लेकिन मोहन यादव की सरकार में किसानों के ऋण भुगतान की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई।

जिसे नेता प्रतिपक्ष और विपक्ष के विधायकों के साथ साथ कांग्रेस पार्टी के किसान संगठनों से लेकर, भाजपा के किसान मोर्चा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भारतीय किसान संघ तक सभी के द्वारा मांग किए जाने के बावजूद अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई गई। आज भाजपा सरकार की हठधर्मिता के कारण प्रदेश के लाखों किसान ड्यू डेट पर ऋण ना चुका पाने के कारण डिफाल्टर हो गए और अब उन्हें भारी भरकम ब्याज चुकाना पड़ेगा।

इस तरह मध्य प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार किसानों के साथ छलावा और शोषण कर रही है। मध्य प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने आगे कहा कि एक तरफ तो बोनी के समय किसानों को समय पर बीज, कीटनाशक एवं खाद नहीं मिलती, अगर मिल भी गई तो उसके अमानक होने का खतरा बना रहता है, उसके बाद भी अगर फसल हो जाए तो उपज का उचित दाम नहीं मिलता। कहने को तो प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी सरकार को किसानों का स्वर्ण युग बताते फिरते हैं, पर वास्तविकता यह है कि किसानों की समस्याओं पर सरकार पूरी तरह से आंख मूंदे बैठी हुई है और उनकी सरकार किसानों के लिए संकट का दौर साबित हो रही है ।

# गदा यात्रा में शामिल हुए सांसद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू गुरूवार को छिंदवाड़ा एवं चांदामेटा में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान विशाल गदा पद यात्राओं में शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि हनुमान जंयती के अवसर पर जिलेभर से जामसांवली हनुमान मंदिर के लिए गदा पद यात्रा निकाली जा रही है। जिसके तहत गुरूवार को सांसद श्री साहू ने चांदामेटा के शिवाजी चौक में आयोजित कार्यक्रम के दौरान हनुमान भक्तों द्वारा चमत्कारिक जामसांवली हनुमान मंदिर निकाली जा रही गदा पद यात्रा का शुभारंभ किया।



छिन्दवाड़ा में कई स्थानों से निकाली जा रही गदा यात्रों में सांसद श्री साहू ने गदा धारण कर यात्रों में शामिल होकर यात्रों का स्वागत किया। इसी तरह भाजपा छिंदवाड़ा नगर मंडल द्वारा शहर में निकाली जा रही गदा समर्पण यात्रों का शुभारंभ एवं स्वागत भी किया गया।

इसके तहत लहगडुआ में श्री रूद्र आत्मक हनुमान सेवा समिति, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर नरसिंहपुर रोड, सुकलूढाना सिवनी रोड से आजाद फाउंडेशन द्वारा निकलने वाली श्री राम भक्त सेवा समिति सहित अन्य यात्रों में भाजपा नेताओं ने पूजा अर्चना की एवं समिति के सदस्यों को सफल यात्रा की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर इस अवसर पर महापौर विक्रम अहके, वरिष्ठ भाजपा नेता राजू नरोटे, सभापति जगेन्द्र अल्डक, जिला अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, सौरभ ठाकुर, लीला बिजोलिया, पार्षद बलराम साहू, भाजपा नेता नीरज भारद्वाज, विशवेन्द्र बैस, रवि मालवी, बिट्टू मंडराह एवं अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## सार समाचार

### चार दिवसीय दौरे पर कमलनाथ-नकुलनाथ का आज होगा छिन्दवाड़ा आगमन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धर्मानुरागी पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का चार दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत नेताद्वय संकट मोचन श्री हनुमान जन्मोत्सव पर सिद्ध सिमरिया धाम में आयोजित दिव्य व भव्य आयोजन में सम्मिलित होंगे। नेताद्वय बल, बुद्धि व विद्या के दाता हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर सर्वकल्याण की प्रार्थना करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व पूर्व सांसद नकुलनाथ का आज 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को छिन्दवाड़ा आगमन होगा। नेताद्वय तीन दिनी दौरे के पश्चात 14 अप्रैल 2025 दिन सोमवार को छिन्दवाड़ा से प्रस्थान करेंगे। छिन्दवाड़ा दौरे के दौरान वे विभिन्न धार्मिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आज 11 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे कमलनाथ एवं नकुलनाथ का विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत नेताद्वय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। कल 12 अप्रैल 2025 दिन शनिवार को श्री हनुमान भक्त कमलनाथ व नकुलनाथ सिद्ध सिमरिया धाम पहुंचकर संकट मोचन हनुमान जी महाराज की विधि विधान से पूजा अर्चना करेंगे साथ ही हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। इसी प्रकार 13 अप्रैल 2025 दिन रविवार को कमलनाथ एवं नकुलनाथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे।

### अखंड हरिनाम संकीर्तन का महाप्रसादी के साथ समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से लगे ग्राम गुरैया स्थित ओकटे कृषि फॅार्म में आयोजित 24 घण्टे के अखंड हरिनाम कीर्तन का दही लाही व महाप्रसादी वितरण के साथ समापन हुआ। जिले व समीपस्थ जिलों के साथ ही अन्य प्रदेशों से पधारे संतों जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुए इस दिव्य आयोजन में प्रसादी गृहण कर हजारों श्रद्धालु भक्तजनों ने पुण्य लाभ अर्जित किए।संतों का सानिध्य व उनकी दिव्य वाणी का अमृतपान करने का सौभाग्य जिले व गुरैया नगर के श्रद्धालु भक्तजनों को प्राप्त हुआ। संतों के चरण पड़ने से जिले की धरा पावन हो उठी तो वहीं हरिनाम कीर्तन से सम्पूर्ण आबोहवा धर्ममयी हो उठी। दो दिवसीय इस आयोजन में अमरावती महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प. पद्माकर महाराज देशमुख की ओर से सुमधुर कीर्तन की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त ग्राम व अन्य नगर से पधारी भजन मंडलियों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई।

### कटनी ने छिन्दवाड़ा को हराया, फाइनल जबलपुर के साथ होगा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संचालन समिति के तत्वावधान में स्थानीय नीमखेड़ा मैदान पर खेली जा रही 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में आज कटनी ने छिंदवाड़ा को 30 रनों से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए कटनी ने 40 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 206 रन बनाएं जिसमें आदित्य गौतम के 45 श्लोक दुबे के 31 तथा अभिनव दुबे के 35 रन शामिल है।छिंदवाड़ा की ओर से आर्यन शर्मा ने 7 विकेट तथा निखिल, युग डहरिया एवं अर्णव शिवपुरकर ने एक-एक विकेट प्राप्त किए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी छिंदवाड़ा की टीम एक समय बहुत मजबूत स्थिति में थी जब 123 रनों पर उसका मात्र एक विकेट गिरा था। लेकिन उसके बाद कटनी ने शानदार वापसी की और छिंदवाड़ा के मध्य क्रम को ध्वस्त कर दिया ।आठवें विकेट के लिए अवश्य कुछ अच्छी साझेदारी हुई लेकिन अंततः कटनी ने छिंदवाड़ा को 177 रनों पर ऑल आउट कर दिया।कटनी की ओर से श्लोक दुबे ने दो यश तिवारी ने दो हर्ष मंगलानी ने तीन तथा सुमित सिंह ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ़ द मैच दोहरे प्रदर्शन के लिए श्लोक दुबे को दिया गया। प्रातः 9:00 बजे से जबलपुर एवं कटनी के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा। जबलपुर एवं कटनी के मध्य फाइनल मैच खेला जाएगा।



**छिंदवाड़ा :** वरिष्ठ पत्रकार देशबन्धु आरएस वर्मा एवं स्वतंत्र पत्रकार पूर्व एपीआरओ ओपी सोनवंशी छग मणिपुर की पूर्व राज्यपाल के जन्मदिवस पर उन्हें शुभकामनाएं देने उनके निवास पर पहुंचे

# पूर्व राज्यपाल ने गोधूली वृद्धाश्रम में मनाया अपना जन्मदिवस

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ एवं मणिपुर राज्य की पूर्व राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके ने कल 10 अप्रैल 2025 को अपना जन्मदिन गोधूलि वृद्ध आश्रम छिंदवाड़ा के बुजुर्ग एवं वयोवृद्ध नागरिकों के साथ मनाया।

उन्होंने वयोवृद्ध नागरिको को फल व मिठाई वितरित की एवं उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक जफर खान, मंच की पूर्व प्रदेश मंत्री श्रीमती शबनम जफर खान, पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री प्रीति बिसेन तथा मंच के अन्य सदस्यगण रिजवान भाई, शेरू भाई, आजाद भाई, फैज खान आदि साथ में उपस्थित थे।



# विद्युत चोरी करने वाले 54 पर की जा रही है कार्रवाई


**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा संभाग के अंतर्गत सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में मास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग हेतु अमरवाड़ा संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद कुमार गेडाम के निर्देशन में संभाग के सभी सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंताओ के नेतृत्व में 5 दलों का गठन किया था जिसमें प्रथम दल प्रभारी सहायक अभियंता नीतीश प्रजापति द्वारा सिंगोड़ी ग्रामीण मुख्यालय के ग्राम.कोल्हिया और तेंदनीमाल में कुल 11 लोगों विद्युत् चोरी के पंचनामे बनाये गये। द्वितीय दल प्रभारी सहायक अभियंता के के बामनके और समरेश पटेल द्वारा सिंगोड़ी मुख्यालय के ग्राम. खकरा चौराई और सिंगोड़ी में कुल 10 लोगो पर विद्युत् चोरी के पंचनामे बनाये गये। तृतीय दल प्रभारी कनिष्ठ अभियंता अरविंद पहाड़े द्वारा बड़ेगांव मुख्यालय के ग्राम.भजिया और पटानिया में कुल 11 लोगो विद्युत् चोरों पर कार्यवाही।


# जैन समाज ने मनाया 2624वां तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चैत्र सुदी तेरस के शुभ दिन मध्यप्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में सकल जैन समाज ने अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2624 वां जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया।









प्रात:काल की मंगल बेला पर प्रभात फेरी से महोत्सव का शुभारंभ हुआ, जिसमें प्रमुख रूप से सांसद विवेक बंटी साहू शामिल हुए। इस अवसर पर नगर के समस्त जैन मंदिरों में विशेष पूजन की गई।

कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली में 108 मुनिश्री आचरण सागर जी महाराज के मंगल प्रवचनों का लाभ लेकर श्रीजी का भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें मुनिश्री सहित बड़ी संख्या में जैन बंधुओं ने मंगलगान करते हुए नगर में जिनशासन की मंगल प्रभावना की। चल समारोह की पूर्णता कुंडलपुर नगरी अहिंसा स्थली गोल गंज में हुई जहां श्री चंद्रप्रभ दिगंबर जिनालय में श्रीजी का अभिषेक कर शांति पाठ के साथ विश्व शांति की मंगल भावना व्यक्त की गई।

संध्या के समय कुंडलपुर नगरी में सांसद बंटी विवेक साहू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों सहित सकल समाज ने बाल तीर्थंकर को पालना झुलाया। तदपश्चात युवा विद्वान वर्धमान जैन के श्रीमुख से मांगलिक व्याख्यान सुनकर तीर्थंकर महावीर की सर्वोदय अहिंसा का स्वरूप जाना। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महिला मंडल द्वारा भक्तांबर जी की महिमा,

## सांसद भी हुए शामिल, बाल तीर्थंकर को पालना झुलाया

सती की व्यथा सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात पुरस्कार वितरण कर सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव के साथ समाज के रत्नेश जैन, चन्द्रकुमार चन्दू जैन, पंकज पाटनी, कस्तूर जैन, मीनू सिंगई, दीपक राज जैन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु गण उपस्थित थे।

सांसद परासिया और चान्दामेटा के कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

छिंदवाड़ा में श्री वीर प्रभु के जन्मकल्याणक महोत्सव के चल समारोह के पश्चात सांसद विवेक बंटी साहू परासिया और चान्दामेटा में सकल जैन समाज द्वारा आयोजित जन्मकल्याणक महोत्सव में सम्मिलित हुए और महावीर भगवान की आरती कर सकल समाज सहित नगरवासियों को श्री वीर प्रभु के मंगलकारी जन्मकल्याणक की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज सम्पूर्ण विश्व को महावीर भगवान के मुख्य सिद्धांत सत्य और अहिंसा पर चलने की आवश्यकता है, आईए आज के पवित्र दिवस पर हम सब संकल्प लेते हैं कि तीर्थंकर महावीर भगवान के सिद्धांत पर चलकर अपनी समाज सहित पूरे भारत को आदर्श देश बनाएंगे।